# दैनिक पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 283 • मुंबई, शनिवार, 22 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनायाः चावंड प्रताप पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम, किया योग अभ्यास



पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । जिले में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरकारी और प्राइवेट स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सलूंबर जिले के चावंड प्रताप पब्लिक स्कूल में शिक्षको ने योग अभ्यास कर योग दिवस मनाया । प्रताप संस्थान के डायरेक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा की देखरेख में इस योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षक ने सभी को योग प्रक्रिया कर्रवाई। इस कार्यक्रम में ग्रामीण और समस्त विद्यालय स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रताप संस्थान के प्रधानाचार्य ने योग दिवस पर योग से सभी को फिट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन भी प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया योग के प्रति जागरुक हो रही है। उन्होंने योग के फायदे आमजन और बच्चों को बताए।

# घोड़ासर में रात्रि चौपाल का आयोजन

## जिला कलक्टर ने सुने लोगों के अभाव - अभियोग निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में गुरुवार को घोडासर में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में पंचायत के विभिन्न गांवों के लोग अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थत हुए। जिला कलक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों को अपने समक्ष बैठाकर उनके अभाव- अभियोग सुने और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में खेत से विद्युत लाईन हटाने, आबादी विस्तार करने, विद्यालय में चारदीवारी व छत निर्माण, अतिक्रमण हटाने, पानी की टंकी निर्माण करवाने आदि प्रकरणों में अधिकारियों को मौका देखकर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्याओं को ग्राम पंचायत स्तर पर आम सहमति से सुलझाने का प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सर्वे करवाकर समस्याओं की पहचान कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में पानी, बिजली, सड़क, खाद्य सुरक्षा, पेंशन, पीएम आवास, सामाजिक न्याय की योजनाओं, कार्यों की गुणवत्ता सहित



सरकारी विभागों से संबंधित 20 से अधिक प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जिला कलेक्टर ने मनरेगा, स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र आदि की स्थिति की जानकारी ली और किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से सूचित करने को कहा। इस दौरान जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने, आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल प्रबंधन करने, मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय करने सहित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और सकारात्मकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी गई और उनसे लाभान्वित होने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर आयुक्त गणपत लाल खटीक,एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, डीओआईटी उप निदेशक जीवन राम मीणा,विकास अधिकारी दयाचंद यादव, हेमन्त पंडिया एक्सईएन डबल्यूआरडी, परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक,पशु पालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, कृषि विभाग गोस मोहम्मद,तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभिरुचि शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की कलाकृति देख अचंभित हुए कलेक्टर, कहा क्षेत्र में शिक्षण के साथ शिविर में प्रशिक्षण से बच्चों में बदलाव आएगा



पदमावत मीडिया

**सलूंबर** । अभिरुचि शिविर से प्रभावित हुए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आज लसाडिया पंचायत समिति के टटाकिया पंचायत के विद्यालयों में बासुदेव कनोडिया सेवा संस्थान नई दिल्ली के सौजन्य से चलाए जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर पंचायत बघेड़ी का अवलोकन किया गया जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बघेडी के शिविर में बच्चों द्वारा किए गए थ्रेड पेंटिंग, लीफ पेंटिंग, ड्राइंग एवं शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए टीचिंग लर्निंग मटेरियल के उपयोग का अवलोकन किया उन्होंने बताया कि इस प्रकार टीएम के माध्यम से विद्यार्थियों को कराया गया शिक्षक स्थाई एवं रुचिकर होता है उन्होंने विद्यार्थियों टीएलएम के बारे में विभिन्न प्रश्न भी किए ओर विद्यार्थियों के जवाब से संतुष्ट हुए एवं उनका हौसला बढ़ाया टीएम निर्माण के बारे में शिक्षकों से चर्चा की एवं इसके प्रभावशाली उपयोग हेतु सुझाव दिए विद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने सीखने सिखाने की विभिन्न विधाओं विज्ञान शिक्षण गणित एवं अंग्रेजी शिक्षण में सरलतम विधाओं एवं रुचिकर शिक्षण के कार्य को देखा एवं शिविरार्थियों से चर्चा की विद्यार्थियों ने ट्रैफिक सिग्नल एस सोलर सिस्टम सेंटेंस इन अंग्रेजी के सेंटेंस बनाने वर्ग एवं वर्गमूल की जानकारी प्राप्त करने कोनो की जानकारी प्राप्त करने ग्लोब के माध्यम से दिन में रात पृथ्वी के घूर्णन एवं ब्राह्मण स्थानीय मान की जानकारी प्राप्त करने ज्यामिति आकृतियां के बारे में विद्यार्थियों से खुलकर बातचीत की एवं उनका हौसला बढ़ाया इसी शिविर में विद्यार्थियों के तीन समूह बनाए गए हैं शिविर में विद्यार्थियों के लिए टेलीविजन के माध्यम से शिक्षण कार्य करवाया जाता है विद्यार्थियों द्वारा विशेष तौर पर रीडिंग राइटिंग फ्लुएंसी के कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा किए गए कार्य एवं उनकी हस्तलिपि का अवलोकन किया और इस प्रकार के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की उक्त शिविर में सीखने सिखाने की विभिन्न विधाओं के साथ बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न चार्ट्स पोस्टर्स का अवलोकन भी किया इस अवसर पर तहसीलदार राम लाल गुर्जर लसाडिया ने आवश्यक सुझाव दिए एवं विद्यार्थियों से चर्चा की संस्थान के शिक्षा सलाहकार सुभाष शर्मा ने अभिरुचि शिविर के उद्देश्यों एवं अब तक की प्रगति से अवगत उच्च माध्यमिक विद्यालय टटाकिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय रेल महूडी, उच्च प्राथमिक विद्यालय उपली बघेडी, उच्च प्राथमिक विद्यालय बघेडी, प्राथमिक विद्यालय घाटी फला, एवं प्राथमिक विद्यालय केल की कुई में इस प्रकार के शिविर लगाए जा रहे हैं जिममे 280 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखना एवं रुचिकर शिक्षण द्वारा उनके लर्निंग गैप्स को दूर करने के उद्देश्य हेतु लगाए गए हैं इस अवसर पर संस्थान के निदेशक वीरेंद्र खटाना परियोजना प्रबंधक लीला चंद्रयान करमचंद नरेंद्र सिंह डालचंद एवं ग्रामीण जन उपस्थत थे।

## रिड आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मनाया योग दिवस

### आज दुनिया भर में योग लोगों की पहली प्राथमिकता बन चुका है योग

पदमावत मीडिया

**नागौर** । देश समेत दुनियाभर में आज 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है,अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रिड आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 501 ग्रामीणों सहित कर्माचारियों ने योग किया।

आज दुनिया भर में योग लोगों की पहली प्राथमिकता बन चुका है. साल 2014 में मैने यूएन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था।भारत के प्रस्ताव का 177 देशों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया था, ये अपने आप में एक रिकॉर्ड था. तब से यह लगातार नए रिकॉर्ड बनाता जा रहा है. 2015 में दिल्ली में 35 हजार लोगों ने एक साथ योग किया था, ये भी विश्व रिकॉर्ड है। आयुर्वेद चिकित्सालय रिड के प्रभारी डाक्टर बनवारी लाल के सानिध्य में लोगों ने योग दिवस में भाग लिया। जिसमें योग



प्रशिक्षक सोहननाथ गर्वा, जीतू देवी ने ग्रामीणों को योग की क्रियाएं बताते हुए योग से होने वाले लाभों की भी जानकारी दी गई।

## भीनमाल को जिला बनाने हेतु प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी ने लिखा पत्र

पदमावत मीडिया

**भीनमाल** । राजस्थान में नवगठित जिलो व संभागों प्रशासनिक दृष्टिगत क्षेत्राधिकार, सुचारू संचालन, प्रशासनिक आवश्यकता, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता आदि के संबंध में वर्तमान परिप्रक्ष्य में समीक्षा हेतु निम्नानुसार राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा के नेतृत्व में मंत्री मण्डलीय उप-समिति का गठन किया गया है।

भाजपा प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री व उप समिति के संयोजक प्रेमचंद बेरवा को पत्र लिख कर भीनमाल को जिला बनाने हेतु अवगत कराया । देवासी ने पत्र के माध्यम से बताया कि भीनमाल को जिला बनाने की माँग कई वर्षो पुरानी है, भीनमाल जिला बनने के सभी प्रारूप तहत मापदंड रखता है।भीनमाल को जिला बनाने के लिए भीनमाल, रानीवाडा, बागोड़ा में आंदोलन, धरना-प्रदर्शन सहित विभिन्न माध्यमों से जनता ने पुरज़ोर तरीक़े से माँग की थी। भाजपा प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषभावना के कारण भीनमाल जिला बनने के सभी मापदंड होने के बावजूद जिला नहीं बनाया। देवासी ने शैक्षिक, व्यापारिक स्थिति बताते हुए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व उप समिति के संयोजक को भीनमाल को जिला बनाने की माँग की है।

## जनता पर महंगाई की डबल मार, बिगड़ा घरों का बजट

## आलू, प्याज, टमाटर के बाद अब दालों की बढ़ीं कीमतें

**नई दिल्ली** । लोकसभा चुनाव खत्म होते ही अब महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। आलू, प्याज, टमाटर के बाद अब दाल भी गरीबों की थाली से गायब हो गई है। इस महंगाई में गरीब खाए तो क्या खाए। इस पर लोगों का कहना है कि आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया वाली कहावत चरित्रार्थ हो रही है। महंगाई का आम जनता पर प्रकोप जारी है।

जून के महीने में प्याज, हरी सब्जियों, आलू, टमाटर के दाम में बढ़ोतरी हुई। इसके बाद दाल की कीमतों में आई तेजी ने घर का बजट ही बिगाड़ दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में दाल की कीमतों में 1.1 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहीं, तूअर और उड़द के दाम तीन फीसदी तक बढ़े हैं। प्याज की कीमतों में भी 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जून में टमाटर सबसे मंहगा बिक रहा है। लगातार टमाटर की कीमतों में तेजी आ रही है।

मिनिस्ट्री और कंज्यूमर अफेयर ने दाल की कीमतों को लेकर आंकड़ें जारी किये हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक 31 मई को चने दाल 86.12 रुपए प्रति किलोग्राम थी। 19 जून तक कीमतों में 2.13 फीसदी का इजाफा के साथ इसके दाम 87.96 रुपए हो गए हैं। तूअर यानी अरहर दाल 31 मई तक इसका भाव 157.2 रुपए प्रति किलो था, जो 19 जून तक 4.07 रुपए बढ़कर 161.27 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया।

जून में मूंग की दाल की कीमतों में मामूली तेजी देखने को मिली है। 31 मई को इनके दाम 118.32 रुपए थे जो 19 जून तक 119.04 रुपए हो गए। उड़द दाल की कीमतों में भी ज्यादा तेजी नहीं आई है। 31 मई को उड़द दाल 125.79 रुपए प्रति किलो थी जो 19 जून तक 126.69 रुपए प्रति किलो हो गई थी। मसूर दाल में मामूली तेजी आई। 19 जून को इसकी कीमत 94.12 रुपए प्रति किलोग्राम थी जो 31 मई को 93.9 रुपए प्रति किलो थी।

इस माह आलू की कीमतों में करीब आठ फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ है। 31 मई को आलू 29.82 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा था जो जून में चढ़कर 32.23 रुपए प्रति किलो हो गया। दिल्ली में आलू की कीमत 30 रुपए प्रति किलोग्राम है।

दिल्ली में प्याज की कीमतों में 67 फीसदी का इजाफा हुआ। वहीं, अगर देश के अन्य राज्यों की बात करें तो इसमें करीब 18 फीसदी की तेजी





आई। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है 31 मई तक प्याज के दाम 30 रुपए प्रति किलो थे, जो 19 जून तक 50 रुपये प्रति किलो पहुंच गए। देश में औसतन इसकी कीमत 37.83 रुपए प्रति किलो हो गई।

प्याज, आलू के बाद टमाटर की कीमतों में भी तेजी आई। सबसे ज्यादा दाम टमाटर के बढ़े हैं। 31 मई को अच्छी क्वालिटी के टमाटर 34.15 रुपए प्रति किलो थे जो जून में 44.9 रुपये प्रति किलो बिक रहे हैं। दिल्ली में इनके दाम 28 रुपए से बढ़कर 33 रुपये प्रति किलो हो गए हैं।

## पद्मावती महाप्रज्ञ विकास समिति ने मनाया योग दिवस

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । पद्मावती महाप्रज्ञ विकास समिति की ओर से महाप्रज्ञ विहार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सेक्रेटरी महेंद्र तलेसरा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि नव निर्वाचित सांसद मन्नालाल रावत थे। समारोह के प्रारंभ में समिति अध्यक्ष दिलीप सिंह राव व सेक्रेटरी महेंद्र तलेसरा ने अथिति स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत, भुवाना सरपंच मोहन लाल डांगी, गिरीश शर्मा, रंजना चौहान, प्रकाश सिंघवी, विजय परमार, रवि खंडेलवाल, निर्मला तलेसरा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर योग गुरु हीरालाल सुथार व गुलाबसिंह राव के मार्गदर्शन में कॉलोनीवासी को योग कराया गया और योग का जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला।

## मेवाड़ कॉन्फ्रेंस का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को

पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कॉन्फ्रेंस की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 23 जून को कांकरोली स्थित कॉन्फ्रेस भवन में आयोजित होगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि शपथग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि आसाम के राज्यपाल गुलबाचंद कटारिया होंगे। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक करेंगे। वहीं राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के ट्रस्टी गौतमचंद बापना व जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल गौखरू बतौर सम्माननीय अतिथी के रूप में मौजूद रहे। फत्तावत ने बताया कि रविवार शाम 4 बजे कांकरोली स्थित कॉन्फ्रेंस भवन में आसाम के राज्यपाल कटारिया मेवाड़ कॉन्फ्रेंस की नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

## विनायक नगर में योग शिविर का हुआ आयोजन

**भीनमाल** । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विनायक नगर योग शाखा के तत्वावधान में विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया । यहां पर चालीस योगियों ने एक साथ योग करके स्वास्थ्य लाभ लिया । इस आयोजन के मुख्य अतिथि एडवोकेट बालूराम चौधरी ने अपना उद्बोधन देते हुए योग से स्वस्थ जीवन जीने के फायदे बताये । उन्होंने समाज समरसता व राष्ट्र हित की बाते बताई । योग समिति के संस्थापक डॉक्टर श्रवणकुमार मोदी ने भी सभी को हमेशा योग से जु[illegible] रहने का आहावन किया । योग समिति के योग शिक्षक किशनाराम माली ने सम्पूर्ण योग करवाये व देश भक्ति गीत गाया । मदनमोहन शर्मा ने हास्यसन करवा कर योग का समापन किया । मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर पुखराज माली, रमेश आरआई, दीपाराम पुरोहित, रमेश पुरोहित, धनराज प्रजापति, हीरालाल मास्टर, गौतम वैष्णव, रगाराम चौधरी, शांतिलाल माली, गुमान माली, पारस माली, लक्ष्मण माली, नवाराम चौधरी, भरत माली, हरीश माली, श्रवण माली, जोरसिंह देवडा, गोपालसिंह देवल सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## जमानत पर रोक भड़की सुनीता............केजरीवाल आंतकवादी हो



**नई दिल्ली** । दिल्ली के सीएम केजरीवाल की जमानत पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। ईडी केजरीवाल की बेल के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची थी, जहां अदालत ने सुनवाई पूरी होने तक जमानत वाले आदेश को रोक दिया है। इसपर केजरीवाल की प[illegible] सुनीता केजरीवाल की पहली प्रतिक्रिया आई है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि देश में तानाशाही बढ़ रही है। उन्होंने ईडी पर सवाल उठाकर कहा कि बिना बेल ऑर्डर आए बिना ईडी कोर्ट कैसे पहुंच गई।

सुनीता केजरीवाल ने सीएम के जमानत आदेश को ट्रायल कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड होने से पहले ही चुनौती देने पर ईडी की आलोचना की। सुनीता ने कहा कि उनके पति के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, जैसे वह कोई आतंकवादी हों। वहीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा से अधिक पानी पाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही सारी हदें पार कर गई है।

दिल्ली के लोगों की पीड़ा देखकर दुख

हरियाणा सरकार से अपील करने के लिए आतिशी अनिश्चित काल के लिए 'सत्याग्रह' करने जा रही हैं। वे दिल्ली के प्यासे लोगों के लिए ऐसा कर रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल का कहना है कि टीवी पर दिल्ली के लोगों की पीड़ा देखकर दुख होता है, उन्हें उम्मीद है कि आतिशी की तपस्या सफल होगी और जनता को कुछ राहत मिलेगी।

## ढाई साल बाद प्रतिज्ञा पूरी होने पर आंध्रप्रदेश विधानसभा लौटे नायडू

**अमरावती** । मैं सत्ता में लौटने तक सदन से दूर रहूंगा। इस प्रतिज्ञा के साथ, टीडीपी प्रमुख और राज्य के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू नवंबर 2021 में तत्कालीन सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस के सदस्यों के साथ भावनात्मक और तीखी नोकझोंक के बाद आंध्र प्रदेश विधानसभा से चले गए थे। लगभग ढाई साल बाद, नायडू ने शुक्रवार को अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर मुख्यमंत्री के रूप में आंध्रप्रदेश विधानसभा में लौट आए। अपने से बहुत छोटे जगन मोहन रेड्डी के हाथों अपमानजनक हार झेलने के पांच साल बाद, नायडू ने सहयोगी भाजपा और जनसेना पार्टी (जेएनपी) के साथ मिलकर अपनी पार्टी को आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में भारी जीत की ओर अग्रसर किया।

अपने नवीनतम कार्यकाल में नायडू की प्राथमिकताओं में मुख्यमंत्री अमरावती का विकास है। उन्होंने ग्रीनफील्ड राजधानी में रुकी हुई परियोजनाओं का जायजा लेने के बाद कहा कि वह अमरावती को लेकर दुविधा में हैं। उन्होंने अमरावती की स्थिति पर जल्द ही एक श्वेत पत्र जारी करने और आगे बढ़ने के लिए लोगों से सुझाव लेने का वादा किया। पिछले वाईएसआरसीपी शासन के तहत अमरावती राजधानी शहर परियोजना 2019 से 2024 तक रुकी रही। हालाँकि, सरकार में बदलाव ने राजधानी शहर परियोजना में जान फूंक दी है, क्योंकि नायडू ने घोषणा की है कि अमरावती आंध्र प्रदेश की एकमात्र राजधानी होगी।

# 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- जिला स्तर पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों के साथ योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया।

जिला स्तरीय आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर के प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, उपखंड अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, प्रदुमन कोड़ीया सभापति नगर परिषद् ने दीप प्रज्वलित कर के की, नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद प्रभुलालजी जैन, शहर के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा, 'योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें गर्व है कि हमारे जिले में इस आयोजन को इतनी व्यापक सफलता मिली है, और लोग योग के अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना सकें और इसके फायदों का अनुभव कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्रङ्क छात्राओ,जनप्रतिनिधियों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र जोशी, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. अनिल गुर्जर, महावीर कुमार सालवी और आयुर्वेद विभाग के योग प्रशिक्षक हितेश सेवक, कुसुम कुंवर चौहान, कैलाश पटेल, तथा अर्जुन सालवी ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इन विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को योग और आयुर्वेद के लाभों से अवगत कराया। जिले की 157 ग्राम पंचायतों और 6 पंचायत समितियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों में योगाभ्यास करवाया गया प्रत्येक पंचायत में योग दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। इस व्यापक और समेकित प्रयास ने जिले के प्रत्येक कोने में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त, आयुष आरोग्य मंदिर, जिले के विद्यालयों, चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों, पुलिस लाइन एवं उपकाराग्रह में भी योग दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन स्थानों पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और योग के महत्व को समझा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया गया और लोगों को इन्हें अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही. आयुर्वेद और योग के बीच के संबंध पर भी प्रकाश डाला गया।

एक विशेष आकर्षण के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव उद्बोधन भी योग लाभार्थियों को दिखाया गया, जिससे उन्हें प्रेरणा मिली और उन्होंने योग के महत्व को और गहराई से समझा। प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में योग के लाभों पर जोर दिया और इसे हर व्यक्ति के जीवन में शामिल करने का आग्रह किया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी गण भी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया और योग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

योग दिवस के इस आयोजन ने जिले में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सभी ने इस पहल की सराहना की और अगले वर्ष इसे और बड़े स्तर पर आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया गया।

यह रहे उपस्थित

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू,उपखंड अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, प्रदुमन कोड़ीया सभापति नगर परिषद्, नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद प्रभुलालजी जैन, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक, पीआरओ पुष्पक मीणा, भगवती लाल मीणा एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी सहित शहर के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# लेकसिटी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर के भैरव बाग में योग दिवस के अवसर पर भव्य योग एवं फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिसमे करीब 500 लोगों ने रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भाग लिया । कार्यक्रम में योग के साथ-साथ जुंबा, सत्संग और पुरस्कार समारोह भी हुआ । कार्यक्रम कल्प नेचुरो हेल्थकेयर के डॉ. अर्पित चौधरी, शर्मा फिजियोथेरेपी क्लीनिक की डॉ. बलदीप शर्मा, ट्राई फिटनेस के ऋषभ जैन एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सिद्धार्थ पांडे द्वारा संचालित किया गया था। आयोजन में लोगों ने योग के अलावा जुंबा का भी आनंद लिया, साथ ही सत्संग में भाग लिया और योगिक उपदेशों का लाभ उठाया। योग दिवस के अवसर पर कई पुरस्कारों की वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण उदयपुर के प्रसिद्ध पिस्टल शूटर दीपक शर्मा एवं लर्निंग एंड डेवलपमेंट हेड इंडिया मिसिस दृष्टि चौधरी द्वारा किया गया, जिसमें कृति सरूपरिया मिसिज़ इंडिया वर्ल्डवाइड 2019 ग्रीस, माला सुखवाल वेटलिफ्टर, डॉली कावड़िया फिटनेस आईकॉन, हरीश चावला एथलीट, नेडि सिंह फिटनेस इनफ्लुएंसर को दिया गया। कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया ।

# 10 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग महोत्सव का आयोजन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** शहर के उपनगर हिरण मगरी सेक्टर तीन के विवेक पार्क में महिला पतंजलि योग समिति विवेक पार्क विकास समिति और महावीर मित्र मंडल के साझे में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विशाल योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पतंजलि के मीडिया प्रभारी विनोद कुमार रेगर ने बताया कि महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी आचार्य अनीता पालीवाल द्वारा प्रातः 6 से 7 बजे तक आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योग प्रोटोकॉल के अनुसार लगभग 500 योग प्रेमियों को योगाभ्यास करवाया गया। सभी स्त्री, पुरुष और बच्चों ने मिनट टू मिनट योगाभ्यास बहुत सुंदर तरीके से किया। इस पूरे आयोजन में विवेक पार्क विकास समिति का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर शहर में विभिन्न स्थानों पर नि» शुल्क योग सेवा देने वाले पतंजलि के योग शिक्षकों का भी सम्मान किया गया साथ ही साथ पतंजलि आयुर्वेद के वेद्य ऋषिकेश का भी उनकी नि» शुल्क और श्रेष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम में योग शिक्षक रमेश चंद्र पटेल.नरेश चंद्र पालीवाल मरुधर कंवर, श्याम मठपाल, गौरव जोशी लक्ष्मी प्रजापत, भागीरथी कारकी ,उमा विजय वैराग्य डॉ प्रीति सुमेरिया आदि संख्या में उपस्थित थे योगाभ्यास के बाद सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई ।

आचार्य अनीता पालीवाल ने अंत में सभी को नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प दिलाया।

# 99 वर्ष की दादी ने किया योग दिवस पर योग



पदमावत मीडिया

**इन्दौर ।** योग दिवस मान्य प्रधानमंत्री, ग्रहमंत्री से लेकर, सेना, विभिन्न संगठनों, संस्थानों ने और परिवारों ने भी योग किया है। अनुप्रेक्षा परिवार ने जैन संस्कृति शोध संस्थान में योग का कार्यक्रम कर राष्टीय योगदिवस के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। इसमें 99 वर्ष की दादी श्रीमती सोनादेवी ने भी भाग लिया। दृ इच्छाशक्ति होने पर आवश्यक नहीं है कि कार्यक्रम के लिए विशाल जनसमुदाय ही एकत्रित हो, छोटे-छोटे समूह या एक-एक परिवार भी योग जैसा राष्टीय कार्यक्रम कर राष्ट ओर दुनिया को सन्देश दे सकता है। योग के कार्यक्रम अनुष्का जैन ने संपन्न करवाये।

जैन संस्कृति शोध संस्थान के सचिव डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज' ने कहा कि आज मानव द्वारा प्रगति करने की प्रतिस्पर्धा, भाग-दौड़, आपाधापी के समय में शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के लिए योग नितान्त आवश्यक है। योग के सही तरह से इस्तेमाल करने से हमारा तन और मन पूरी तरह से ठीक हो जाता है। जब हम बीमार होते हैं उसके लिए दवाइयाँ खाते हैं तो हम तन और मन से टूट रहे होते हैं। हमारा किसी काम को करने का मन नहीं करता है। योग करने से इंसान निरोग रहने के साथ उत्साहित महसूस करता है। यही उत्साह उसे जीवन मे सफलता के रास्ते पर आगे बड़ाता है। योग करने से 1. शरीर हमेशा ऊर्जावान रहता है, 2. इसके माध्यम से शरीर की थकावट दूर हो जाती है, 3. इसके माध्यम से हमारा शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावात्मक, आध्यात्मिक विकास होता है, 4 शरीर के प्रति संवेदनशीलता बती है, 5. मस्तिष्क शांत रहता है, 6. तनाव, अनिद्रा, थकावट से मुक्त करता है योग, 7. इससे व्यक्ति अपने मन, बुद्धि, शरीर, आत्मा से जुड़ा रहता है। ऐसा व्यक्ति जो भी कार्य करेगा, अपने मन, बुद्धि ,शरीर, को उस कार्य में लगा देता है, जिसके कारण वह कार्य अच्छे से कर सकता है, 9. इससे यक्ति परिवार, समाज, वातावरण से भी अपने आप जुड़ जाता है। इस योग के कार्यक्रम में श्रीमती सोना देवी जैन, अनुभव जैन, श्रीमती आशा जैन, सुश्री दामनी, श्रीमती रानी-राजू लाल शर्मा, सुश्री रूपाली जैन, मुस्कान, मुस्कान की माँ एवं बहिनें, कमला देवी आदि सभी सम्मिलित हुए।

# रात के अंधेरे में ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के थाना घासा में पुलिस टीम ने कार्यवाही को अंजाम देते हुए रात के अंधेरे में ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा संपति संबंधी अपराधों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना घासा टीम द्वारा सबंधित प्रकरण में 7 जून की मध्य रात्री को उनावरा, पलाना कला में कुंए पर लगे बिजली विभाग के ट्रान्सफार्मर से ऑयल की चोरी करने वाले बदमाश मकसूद रजा पिता ईमन सफी,गोपाल पिता तुलसीदास निवासीयान मावली और सुभाषसिंह पिता सुरेन्द्रसिंह निवासी आसोलियो की मादडी, मावली जिला उदयपुर को प्रोडेक्शन वारण्ट पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से बदमाशों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# तिलकायत श्री एवं श्री विशाल बावा ने श्रीजी प्रभु को कराया जेष्ठाभिषेक स्नान....

पदमावत मीडिया



पुष्टीमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथ जी की हवेली में स्नान यात्रा के अवसर पर श्रीजी प्रभु में ज्येष्ठ नक्षत्र के मुहूर्त में दि. 21/06/ 2024,शुक्रवार को गो.ति.108 श्री राकेश जी (श्री इंद्रदमन जी) महाराज श्री एवं गो.चि.105 श्री विशाल जी (श्री भूपेश कुमार जी) बावा श्री ने अधिवासित यमुना जल से जिसमें केसर,चंदन, गुलाब जल, सुगंधित फूल बरास, तुलसी पत्र इत्यादि से युक्त जल से श्रीजी प्रभु का महा ज्येष्ठाभिषेक स्नान कराया ! इस अवसर पर वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा वेदोक्त रीति से पुरुष सूक्त का पाठ किया गया! तत्पश्चात श्रीजी प्रभु को अलौकिक श्रृंगार धराया गया व सवा लाख आम का भोग आरोगाया गया! इस अवसर पर श्री विशाल बावा ने स्नान यात्रा के महातम्य के बारे में बताया कि श्रीजी प्रभु निकुंज नायक व पुष्टि सृष्टि के राजाधिराज होने के कारण उन्हें राज्याभिषेक के भाव से भी स्नान कराया जाता है, पुष्टिमार्ग में नंदालय की भावना से बृजराज कुमार होने के कारण भी प्रभु को शीतल जल से स्नान कराया जाता है, पुष्टिमार्ग में एक और सबसे बड़ा महत्व है सख्य भाव से जब गोपिया जल क्रीड़ा के भाव से श्रीजी प्रभु को जल का छिड़काव कर स्नान करा ती है और यही जल क्रीड़ा के भाव से श्रीजी प्रभु में भी श्री जी का ज्येष्ठाभिषेक स्नान तिलकायत श्री शंख से छिड़काव करके ही कराते है जो समस्त पुष्टि सृष्टि को शीतल आनंद प्रदान करता है! श्रीजी प्रभु ऋतु फल होने के कारण आम का सवा लाख भोग भी इसीलिए आरोगते हैं कि वह समस्त पुष्टि सृष्टि को अपने प्रसाद के रूप में उसे प्रदान कर सकें!

इस अवसर पर श्रीजी प्रभु के आम का प्रसाद प्रभु की हवेली के सभी द्वारों पर वैष्णव जनों को वितरित किया गया ! श्रीजी प्रभु के स्नान यात्रा के अवसर पर श्रीनाथजी मंदिर के अधिकारी श्री सुधाकर उपाध्याय, मुख्य प्रशासक श्री भारत भूषण व्यास, तिलकायत श्री के मुख्य सलाहकार अंजन शाह, सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, मंदिर मंडल के सदस्य समीर चौधरी,तिलकायत श्री के सचिव लीलाधर पुरोहित, मंदिर के पंड्या जी परेश नागर, मंदिर के मीडिया प्रभारी एवं पीआरओ गिरीश व्यास,राजेश्वर त्रिपाठी, समाधानी उमंग मेहता, जमादार हर्ष सनाढ्य, कैलाश पालीवाल आदि उपस्थित थे !

# ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का महायोग हुआ सम्पन्न

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** विश्व योग दिवस के अवसर पर ओसवाल छोटे साजन की ओसवाल सभाक्षमहिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षया किरण पोखरना के नेतृत्व में योगा और हाऊजी का सफल कार्यक्रम किया गया। ओसवाल महिला प्रकोष्ठ की मंत्री वंदना बाबेल ने बताया कि योग और हाऊजी कार्यक्रम की संयोजिका वंदना दक और श्रीमती ममता बंबोरिया के द्वारा वृहद स्तर पर महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वस्थ मनोरंजन की जिम्मेदारी उठाते हुए एक सफल कार्यक्रम किया, जिसमे 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया ।

कार्यक्रम संयोजिका वंदना दक ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से करने के बाद योग गुरु श्वेता चंडालिया ने महिलाओं को विभिन्न योग आसन के बारे में जानकारी दी, बताया कि कैसे योग आसन के द्वारा हम हमारे जीवन की कई समस्याओं से मुक्ति पा सकते है। अधिकतर महिलाओं को कमर दर्द और अनियमित मासिक धर्म की शिकायतों को सिर्फ 15 मिनिट प्रतिदिन के योग से कैसे दूर किया जा सकता है इस पर चर्चा की गई। योग सेशन के बाद सभी उपस्थित सदस्याओं के लिए नेहा दोशी द्वारा मनोरंजक हाऊजी खिलाई गयी और कई आकर्षक उपहार दिए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन वंदना दक द्वारा किया गया और अंत मे ओसवाल महिला प्रकोष्ठ की संरक्षिका उमा कोठारी एवं रेखा भाणावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर सभी को अल्पाहार के लिए आमंत्रित किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओसवाल सभा अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में ओसवाल समाज की महिलाओं के चहुमुखी विकास के लिए कई कार्यक्रम करने की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम में ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ की सम्पूर्ण कार्यकारिणी उपस्थित रही।



# भाजपा मंडल सायला में हुआ योग कार्यक्रम

पदमावत मीडिया

**सायला।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल सायला द्वारा योग दिवस पर योग एवं प्राणायम का कार्यक्रम भाजपा मण्डल सायला के थलवाड़, चौराऊ, ओटवाला, बाकरा, आसाणा, रेवतडा आदि शक्तिकेन्द्रो पर आयोजित किया गया। योग दिवस पर सायला शक्तिकेन्द्र पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, योग कार्यक्रम संयोजक व मण्डल महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, मूलसिंह चम्पावत, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, वागाराम चौधरी, भूराराम चौधरी, पदमाराम चौधरी, जगाराम माली, बगदाराम माली, जबरसिंह राजपुरोहित, मांगीलाल राजपुरोहित, रघुनाथ राजपुरोहित, चम्पालाल , अर्जुन राजपुरोहित, रमेशकुमार, तेजपालसिंह, अशोक अग्रवाल, अशोक वैष्णव, ताराराम चौधरी, मोतीसिंह, नकुलसिंह, जेठाराम, मोड़सिंह, थानमल थलवाड़, लालजी थलवाड़, अशोक थलवाड़, खंगारसिंह दहिया आसाणा, सुरेन्द्रसिंह रावणा, जबराराम माली सहित समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# विश्व संगीत दिवस पर राग भीमपलासी,पटदीप, मिश्र पीलू सिंद भैरवी की शास्त्रीय रचनाओं से उस्ताद फैयाज खान ने बांधा समां

## कार्यक्रम में 80 से ऊपर के वरिष्ठ सदस्य ने भी की शिरकत

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** गुलाब बाग आरएमवी रोड स्थित अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शास्त्रीय गायन और शास्त्रीय वादन की प्रस्तुति रखी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य कलाकार थे शहर के जाने-माने सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक उस्ताद फैयाज खान और उभरते कलाकार विनोद शारदा। संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ठीक 5 बजे गणेश वंदना से की गई। तत्पश्चात शास्त्रीय वायलिन वादक विनोद शारदा ने राग यमन में सरगम गीत छोटा ख्याल और राग भूपाली में सरगम गीत छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने राग यमन में एक फिल्मी रचना प्रस्तुत की रचना के बोल थे चंदन सा बदन चंचल चितवन। कार्यक्रम के मध्य में अंतराल हेतु संस्थान के नन्हे छात्र देव कुमावत ने वंदे मातरम बांसुरी पर प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य कलाकार उस्ताद फैयाज खान साहब ने राग पटदीप से अपने गायन की शुरुआत बड़ा ख्याल गाकर की। इसके बाद रचना सिंद भैरवी छोटा ख्याल अलाप तानो सहित प्रस्तुत किया। उन्होंने विलंबित और मध्यालय में ख्याल की प्रस्तुति करते हुए लगी लड़ी की सुंदर गायकी प्रस्तुत की। ठुमरी आजा बलम गाकर सुनाई तो शास्त्रीय संगीत के सुधी श्रोता वाह-वाह कर उठे। तबले पर संगत शहर के जाने-माने तबला वादक अखिलेश शर्मा ने की। उन्होंने छोटा ख्याल बड़ा ख्याल और ठुमरी के साथ जुगलबंदी की। बड़े ख्याल छोटा ख्याल के साथ ठुमरी में सुंदर ताल रचनाएं प्रस्तुत की। कलाकार फैयाज खान ने विश्व संगीत दिवस के अवसर पर अपने प्रत्येक रचना में संध्याकालीन रागों को गाकर सुनाया। उन्होंने याद पिया की आई और प्रेम जोगन बनाई ठुमरी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम मैं उन्होंने राज मिश्रा पीलू में रचना बरसन लागी सावन बुंदियारा प्रस्तुत की। रचना दादरा और गजल भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन भक्ति रचना के साथ किया । इस अवसर पर संस्थान में संगीत छात्र-छात्राओं के अलावा उस्ताद फैयाज खान के सभी शिष्य और अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संगीत संस्थान के निदेशक विवेक अग्रवाल ने किया। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य मार्गदर्शक अक्षय अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व कलाकारों का अधिक चिन्ह देकर देकर सम्मान किया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।